श्री मो° फारूक, माननीय स°वि°प° से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न संख्या-01/200/963 से उद्भूत आश्वासन संख्या-04/200 का अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर/ आश्वासन	अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन
(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के बेलवा से मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर तक बागमती नदी की पुरानी धारा में गाद हो जाने के कारण पानी का प्रवाह कम रहने के कारण नदी के दोनों तरफ लगभग हजारों एकड़ जमीन में सिंचाई नही हो पाता है, (ख) यदि उपर्युक्त खंड-'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बागमती नदी की पुरानी धारा में से गाद को निकालकर नदी को पुनर्जिवित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक ?	वस्तुस्थिति यह है कि शिवहर जिलान्तर्गत बेलवा स्थल पर हेड रेगुलेटर संरचना का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी प्रगति 85 प्रतिशत है। इस हेड-रेगुलेटर के माध्यम से प्रस्तावित बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना फेज-V(b) के तहत बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल (पुरानी बागमती धार) के बायें एवं दायें किनारे कुल 137.60 कि.मी. की लम्बाई में तटबंध निर्माण करते हुए इस धार मे बागमती नदी का अधिकतम 1500 क्यूमेक जलश्राव को प्रवाहित कराकर इसे पुनर्जीवित किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य का विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने की कार्रवाई अंतिम चरण में है, जिसके अंतर्गत तकनीकी संभाव्यता एवं स्थलीय आवश्यकतानुसार इस धार में गाद की समस्या का निराकरण भी किया जायेगा । इस लिंक चैनल के माध्यम से उच्च प्रवाह अवधि में बागमती नदी के अतिरिक्त जलश्राव को बूढ़ी गंडक नदी मे प्रवाहित कर बागमती नदी के तटबंध पर जल का दबाव कम किया जायेगा। साथ ही सिचाई की सुविधा भी प्राप्त होगी।	बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना के तहत बेलवा हेड रेगुलेटर संरचना का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। साथ ही शिवहर जिला के बेलवा से मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर तक बागमती नदी की पुरानी धारा (बेलवाधार) में गाद उड़ाही कार्य कराया गया है। बागमती नदी के जलस्तर के अनुरूप लगातार बेलवा में निर्मित हेड रेगुलेटर द्वारा बेलवा मीनापुर लिंक चैनल (बेलवाधार) में नियंत्रित जल प्रवाहित किया जा रहा है। बेलवाधार के आस-पास विभिन्न स्थलों पर स्थानीय किसानों द्वारा पटवन भी किया जा रहा है। अतः इस आश्वासन को विलोपित किया जा सकता है।

P.T.O

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–07 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 200वें सत्र में उनके ज्ञापांक–98(6) दिनांक–07.04.2022 से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं0–01 / 200 / 963 से उदभूत आश्वासन सं0–04 / 200 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–07 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–07 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–07 / 2026– 4435 पटना, दिनांक– 06/10/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06.10.26
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव
06.10.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo